तापमान
अधिकतम 33.8°C
न्यूनतम 14.3°C

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

11 140 टीजीटी अध्यापकों का प्रशिक्षण शुरू



12 फसलों का एक- एक दाना खरीदा जाएगा



खबर संक्षेप

12 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार, केस

सोनीपत। पुलिस की क्राइम यूनिट कुंडली की टीम ने 12 ग्राम हेरोइन के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अनीश उर्फ अक्की के रूप में हुई। सहायक उप निरीक्षक आशीष की टीम देवीलाल चौक के पास गश्त पर थी, तभी गुप्त सूचना मिली कि आरोपित मोटरसाइकिल पर हेरोइन बेचने के लिए गीता भवन चौक की तरफ से आने वाला है। पुलिस टीम ने नाकेबंदी कर उसे रुकने का इशारा किया। आरोपित ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से पारदर्शी पॉलीथिन में 12 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

405 ग्राम चरस पकड़ी आरोपी रिमांड पर

सोनीपत। पुलिस ने रवींद्र उर्फ मनीष उर्फ हलवा पांची जाटान को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। अशोक विहार क्षेत्र में गश्त के दौरान सहायक उप निरीक्षक सुरेश को सूचना मिली थी कि आरोपित अशोक विहार की गली नंबर 7 में चरस बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपित को काबू कर लिया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में ली गई तलाशी के दौरान उसके पास से 405 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश किया, उसे छह दिन के रिमांड पर लिया गया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सोनीपत। बड़वासनी के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घायल युवक को परिजन नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। बलबीर ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका बेटा अमन मेहनत-मजदूरी करता था। मंगलवार रात करीब नौ बजे वह बाइक पर सवार होकर गांव के अड्डे की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सोनीपत की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर बलबीर मौके पर पहुंचे और अमन को नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल, निगम के कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

1760 में से 1408 कर्मचारी हड़ताल पर, बिजली गुल, पानी का भी संकट

पानी की मोटरें न चलने से टंकियां खाली हो गईं जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण व्यवस्था के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों की तीन दिवसीय हड़ताल शुरू हो गई है। हड़ताल के पहले ही दिन सोनीपत में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई, जिससे आवासीय क्षेत्रों से लेकर औद्योगिक इलाकों तक हाहाकार मच गया। बिजली न होने के कारण लोगों को पेयजल संकट जैसी दोहरी मार झेलनी पड़ी। जिले के कुल 1760 कर्मचारियों में से 1408 कर्मचारी हड़ताल पर रहे, जिससे केवल 352 कर्मचारियों के सहारे व्यवस्था चलाने का प्रयास किया गया। यूनियनों ने चेतावनी दी है कि यदि फैसला वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को अनिश्चितकालीन किया जाएगा। शहर के कई इलाकों और गन्नौर में बिजली गुल रहने से घरेलू कामकाज ठप हो गए। पानी की मोटरें न चलने से टंकियां खाली हो गईं, जिससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। इनवर्टर भी जवाब दे गए।

हड़ताल के चलते बिजली निगम के कार्यालयों में कुर्सियां खाली और प्रांगण सुनसान रहे। वहीं राई, बड़ी और कुंडली औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप रहने से उत्पादन प्रभावित हुआ। उद्यमियों को कारखाने चलाने के लिए जनरेटरों का सहारा लेना पड़ा। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर वीरवार को बिजली निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रस्तावित हड़ताल के पहले दिन फाजिलपुर डिवीजन कार्यालय परिसर में शांतिपूर्वक रोष सभा की। जिसकी अध्यक्षता एचएसईबी यूनियन के जिला प्रधान सुमित कटारिया, इंजीनियरिंग एसोसिएशन से एसडीओ सतीश गोयत, एएसपीसी के जिला प्रधान देवेंद्र दहिया, बीएमएस राज्य कार्यकारिणी सदस्य खुशीराम गहलावत की। मंच संचालन सचिव राजकुमार शर्मा ने किया। रोष सभा में सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए सरकार के निजीकरण के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। बिजली कर्मियों में निजीकरण लाइसेंस को लेकर सरकार के प्रति रोष दिखाई दिया।



सोनीपत। इंद्रा कॉलोनी स्थित बिजली निगम कार्यालय में खाली पड़ी कुर्सियां।

कई फीडर बंद होने से बढ़ी शहरवासियों की परेशानी



सोनीपत शहर में भी बिजली कर्मियों की हड़ताल का पहले ही दिन असर देखने को मिला। दोपहर बाद शहर के अंदर कई फीडर बंद हो गए, जिससे अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। बिजली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने के कारण व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को दैनिक जरूरतों को पूरा करने में परेशानी हुई। दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हुआ। बिजली से जुड़े काम नहीं हो पाने के कारण कई दुकानदार ग्राहकों को सेवाएं नहीं दे सके। इससे बाजार में भी हड़ताल का असर नजर आया। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



कार्यालयों पर पुलिस का पहरा

शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए परिसरों में पुलिस बल तैनात रहा। कबीरपुर और फाजिलपुर डिवीजन में कर्मचारियों ने रोष सभा कर निजीकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया।



आंदोलन की चेतावनी

यूनियन के वक्ताओं ने गुरुग्राम व नूंह में निजीकरण लाइसेंस का विरोध करते हुए भविष्य में अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की चेतावनी दी। कर्मचारियों ने कहा कि विभाग का निजीकरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान एक्सईएन केके मलिक, एक्सईएन राज सिंह सिंहमार, एक्सईएन अश्वनी कौशिक, एक्सईएन देवेश दहिया, एसएसई कपिल कौशिक, एक्सईएन प्रवीन गर्ग, रामेहर शर्मा, यूनिट प्रधान विकास दहिया, संदीप फोगाट, सतीश चहल व अन्य मौजूद रहे।

गन्नौर में रात 12 बजे से बिजली गुल



बिजली आने का इंतजार करते मोबाइल रिपेयरिंग दुकानदार।

गन्नौर। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के पहले ही दिन गन्नौर में जनजीवन प्रभावित हो गया। शहर में रात 12 बजे से बिजली गुल होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति बंद होने से घरों में पेयजल संकट गहरा गया बिजली नहीं होने से इनवर्टर भी ठप हो गए, जिससे लोगों को अंधेरे में परेशानी झेलनी पड़ी। बिजली संकट का असर दुकानदारों के कारोबार पर भी पड़ा और दुकानदारी प्रभावित हुई। बिजली और पानी की किल्लत से लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं। पानी की जरूरत पूरी करने के लिए कई लोगों को जनरेटर किराये पर लाने पड़े, ताकि पानी की टंकियां भरी जा सकें।

उद्योगपति हड़ताल के विरोध में बोले- निजीकरण से होगा सुधार

गन्नौर/राई। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के पहले ही दिन गन्नौर, रावत कुंडली इंडस्ट्रीज में जनजीवन प्रभावित हो गया। फैक्ट्रियों का काम ठप पड़ गया। बिजली कटौती को लेकर बड़ी रावत कुंडली इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी से बात की तो उन्होंने हड़ताल के कारण बिजली आपूर्ति बंद रखने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि हड़ताल के और तरीके हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि निजीकरण भी बिजली आपूर्ति में सुधार होगा।

उत्पादन पड़ा ठप

बड़ी इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल ने बताया कि बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के कारण फैक्ट्री संचालकों का बहुत बुरा हाल है ऐसे हालात में भी कब तक फैक्ट्री चला पाएंगे जनरेटर के सारे फैक्ट्री नहीं चल सकती कुछ देर तक भी चलाई तो डीजल बहुत महंगा पड़ा। उन्होंने सरकार से मांग की की जल्दी समाधान करें बिजली आपूर्ति का समाधान किया जाए।



बिजली बंद करना गलत

राई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रधान राकेश छाबड़ा ने कहा कि हड़ताल में इमरजेंसी सेवाएं बंद नहीं होनी चाहिए। बिजली के निजीकरण होने से बिजली आपूर्ति में सुधार होगा इसके अलावा सरकार को ऐसा ऑप्शन करना चाहिए कि सरकारी और प्राइवेट दोनों सेवाएं देनी चाहिए। जिसकी अच्छी सर्विस होगी वहीं विभाग आगे बढ़ पाएगा।



बिजली आपूर्ति को बाधित करना गलत



राई इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता ने बिजली कर्मचारियों द्वारा हड़ताल के दौरान बंद की गई बिजली आपूर्ति का बहुत विरोध किया। उन्होंने कहा कि हड़ताल का और तरीका अपनाएं ऐसा नहीं की सभी को परेशानी हो। उन्होंने कहा कि बिजली के प्राइवेट होने से तरक्की होगी दिल्ली में प्राइवेट होने पर बहुत सुधार हुआ है।

ढाबे पर खाना खा रहे युवक पर थार सवारों ने चलाई गोली, पैर में लगी

सोनीपत। राष्ट्रीय राजमार्ग-334बी स्थित ताऊ सुल्तान वैष्णो ढाबे पर खाना खाने पहुंचे एक युवक पर थार गाड़ी सवार बदमाशों ने गोली चला दी। गोली युवक के पैर में टखने के पास लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राई थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव भौवापुर निवासी 19 वर्षीय पीड़ित अनिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बुधवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे अपने साथी प्रवीन के साथ बाइक पर सोनीपत से अपने घर लौट रहा था। जब वे गांव नसीरपुर बांगर के पास पहुंचे, तो एक थार गाड़ी में सवार होकर आए इंद्रजीत उर्फ बिल्ला और अजय उर्फ पिंकू ने उनकी बाइक के आगे गाड़ी अड़ा दी। दोनों आरोपी गांव नसीरपुर बांगर के ही रहने वाले हैं। रास्ते में आरोपियों ने उनके साथ कहासुनी की। इसके बाद अनिक और प्रवीन वहां से निकलकर ताऊ सुल्तान वैष्णो ढाबे पर खाना खाने चले गए। ढाबे पर पहुंचकर मारी गोली शिकायत के अनुसार, दोनों आरोपी पीछा करते हुए ढाबे पर भी पहुंच गए और अनिक पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली अनिक के पैर में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। गोली चलते ही उसका साथी प्रवीन मौके से जान बचाकर भाग निकला।

- कहासुनी के बाद किया हमला, एक आरोपी काबू

वारदात के बाद दूसरा आरोपी फरार

राई थाना प्रभारी इंस्पेक्टर यशबीर सिंह ने बताया कि घायल युवक के बयान और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अजय उर्फ पिंकू को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दूसरे फरार आरोपी की भूमिका और उसकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।



मिशन एडमिशन: कॉलेजों में हेल्प डेस्क स्थापित

यूजी और पीजी में दाखिले को फिर मौका, एक नवंबर तक खोला पोर्टल

- छह अक्टूबर को संपन्न हो गई थी दाखिला प्रक्रिया, 40 फीसदी से ज्यादा सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

महाविद्यालयों में इस वर्ष स्नातक (यूजी) के साथ स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रम की सभी सीटें भरना चुनौतीपूर्ण बनता जा रहा है। यही कारण है कि इस बार दाखिला अवधि नवंबर तक पहुंच चुकी है, लेकिन उच्चतर शिक्षा निदेशालय और महाविद्यालय प्रबंधकों की जदोजहद का दौर जारी है, ताकि सभी सीटों पर दाखिला सुनिश्चित किया जा सके। इस बीच 6 अक्तूबर को महाविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया संपन्न होने के बाद निदेशालय ने वीरवार से वंचित विद्यार्थियों को पुनः दाखिले का अंतिम अवसर दिया है। निदेशालय ने महाविद्यालयों के यूजी व पीजी पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए शेड्यूल में बदलाव करते हुए वंचित विद्यार्थियों को 1 नवंबर तक प्रवेश पाने का मौका दिया है। विद्यार्थियों के लिए पुनः पोर्टल खोलते हुए महाविद्यालय में विद्यार्थियों की सहायतार्थ हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि शेष करीब 40 प्रतिशत सीटों पर दाखिला सुनिश्चित हो सके।



सोनीपत। हिंदू कॉलेज में स्थापित हेल्प डेस्क।

पंजीकरण के बाद खरी नहीं उतर पाई दाखिला प्रक्रिया

बता दें कि इस वर्ष सीबीएसई व एचबीएसई से कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले करीब 21203 विद्यार्थियों के लिए जिले के 23 राजकीय, निजी व एडिड महाविद्यालयों में यूजी में प्रवेश के लिए 13500 से ज्यादा सीटें तय की गई थी। हालांकि शुरुआती दौर में अधिकतर महाविद्यालयों में दाखिले को लेकर विद्यार्थियों ने 85 से 90 प्रतिशत सीटों पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवाया था, लेकिन वह एडमिशन लेने नहीं पहुंचे।

छात्रों से संपर्क कर रहे

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने दाखिला अवधि पूरी होने के पश्चात वंचित विद्यार्थियों को पुनः महाविद्यालयों में प्रवेश का अवसर दिया है। निदेशालय की ओर से 1 नवंबर तक पोर्टल ओपन किया गया है। विद्यार्थियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क स्थापित कर विद्यार्थियों से संपर्क किया जा रहा है।
डॉ. सीमा गर्ग, प्राचार्य, हिंदू कॉलेज, सोनीपत

आईपीओ में निवेश का झांसा देकर 95 लाख रुपये ठगे

सोनीपत। साइबर अपराधियों ने ठगी का एक बड़ा जाल फैलाते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो लोगों से कुल 96 लाख 57 हजार 792 रुपये ठग लिए हैं। सेक्टर-35 निवासी तजिंदर पाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 सितंबर को फेसबुक पर शेयर ट्रेडिंग का विज्ञापन देखकर वे 'सी 04 डीआईआई इनसाइट्स' नामक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े। ग्रुप के सदस्यों ने संस्थागत शेयरों, ब्लॉक डील और आईपीओ में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उन्हें 'डेल्टा फोर्ट' नामक ऐप के जरिए निवेश करने को कहा गया। मुनाफे की उम्मीद में पीड़ित ने परिवार और रिश्तेदारों से पैसे जुटाकर विभिन्न बैंक खातों में कुल 95 लाख रुपये जमा कर दिए। बाद में ठगों ने कथित ऋण के नाम पर और पैसों की मांग की। 15 अक्टूबर को ऐप अकाउंट बंद कर दिया गया और पीड़ित अपनी जमा पूंजी नहीं निकाल सके, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। वहीं दूसरे मामले में हलवाई हट्टा निवासी अशोक कुमार को 19 अक्टूबर को एक फोन आया। कॉलर ने खुद को आरबीएल बैंक का अधिकारी बताकर क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का झांसा दिया और व्हाट्सएप पर एक एपीके फाइल भेजी। पीड़ित के अनुसार, फाइल डाउनलोड कर खोलने के बाद उनका मोबाइल कुछ देर के लिए काम करना बंद हो गया। बाद में जांच करने पर पता चला कि उनके क्रेडिट कार्ड से फ्लिपकार्ट, स्विगी और फेसबुक इंडिया के माध्यम से 1,57,792 रुपये निकाल लिए गए हैं।

- पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की



पक्षी जगत / शिखर चंद जैन

अनोखी खूबियों वाले अमेजिंग बर्ड्स

बच्चो, तुमने अपने आस-पास या चिड़ियाघर में कई तरह के पक्षी देखे होंगे। लेकिन क्या ऐसे पक्षियों के बारे में जानते हो, जो हवा में हेलीकॉप्टर की तरह उड़ सकते हैं, मिसाइल जैसी रफ्तार से गोता लगा लेते हैं या जो किसी भी आवाज की नकल कर लेते हैं? यहां हम तुम्हें ऐसी ही अनोखी खूबियों वाले कुछ पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

हमिंग बर्ड उड़ने वाला हेलीकॉप्टर

हमिंग बर्ड, दुनिया का सबसे छोटा पक्षी तो है ही। इसके पास ऐसी काबिलियत भी होती है, जो किसी अन्य पक्षी के पास नहीं है। यह अकेला ऐसा पक्षी है, जो पीछे की तरफ भी(उल्टा) उड़ सकता है, दाएं-बाएं मुड़ सकता है और हवा में एक ही जगह पर बिना हिले-डुले स्थिर रह सकता है। यह एक सेकेंड में 50 से 80 बार तक अपने पंख फड़फड़ा सकता है। इस दौरान इनके पंखों से 'हमिंग' (भिनभिनाने) की आवाज आती है, इसीलिए इसे हमिंग बर्ड नाम दिया गया है। हमिंग बर्ड के पंखों का जोड़ा 180 डिग्री तक घूम सकता है, जिससे यह किसी हेलीकॉप्टर की तरह हर दिशा में कलाबाजी खा सकता है। इसका हृदय भी एक मिनट में 1,200 से भी ज्यादा बार धड़कता है। अपने शरीर में ऊर्जा बनाए रखने के लिए इसे हर 10-15 मिनट में भोजन की आवश्यकता होती है। हमिंग बर्ड की याददाश्त बहुत तेज होती है। इसे वह जगह और फूल तक याद रहता है, जहां जिस फूल से इसने पहले रस पिया होता है। *



पेरेग्रिन फाल्कन आसमान की मिसाइल

पेरेग्रिन फाल्कन यानी शाहीन बाज, सबसे तेज गति से हवा में गोता लगा लेता है। जब यह शिकार करने के लिए आसमान से सीधे नीचे की ओर गोता लगाता है, तो इसकी रफ्तार 320 से 390 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच जाती है, जो हाई स्पीड बुलेट ट्रेन से भी तेज है! इस तेज गति से उड़ते समय जब हवा इसके नथुनों में टकराती है, तो फेफड़े फटने का खतरा होता है। लेकिन कुदरत ने इसकी नाक के अंदर छोटे-छोटे विशेष शंकु जैसी संरचना बनाई है, जो हवा के दबाव को नियंत्रित करते हैं। इसकी आंखों में एक विशेष पारदर्शी झिल्ली होती है, जो तेज हवा में भी चश्मे की तरह काम करती है और बिना पलक झपकाए शिकार को तेजी से झपटने में मदद करती है। *

लायर बर्ड जंगल का साउंड रिकॉर्डर

ऑस्ट्रेलिया के घने जंगलों में पाया जाने वाला लायर बर्ड, दुनिया का सबसे बड़ा और चतुर नकलची पक्षी है। इसके स्वर-यंत्र की संरचना इतनी जटिल और विकसित होती है कि यह अपने आस-पास सुनी गई किसी भी ध्वनि की हूबहू नकल कर सकता है। जंगल के अन्य दर्जनों पक्षियों की आवाजों के अलावा, लायर बर्ड इंसानों द्वारा बनाई गई मशीनों की आवाजें जैसे कार का हॉर्न, कैमरे के शटर की क्लिक, कुल्हाड़ी की चोट, चेनसॉ (लकड़ी काटने की आरी), मोबाइल फोन की रिंगटोन और यहां तक कि बच्चों के रोने की आवाज भी बिल्कुल सटीक पिच के साथ निकाल लेता है। नर लायर बर्ड, अकसर मादा को रिझाने के लिए इन सभी आवाजों का एक अनोखा म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा जैसी ध्वनि उत्पन्न करता है। *



शुतुरमुर्ग एक्सप्रेस रनर

शुतुरमुर्ग उड़ नहीं सकता, लेकिन यह पृथ्वी का सबसे बड़ा, भारी और ऊंचा पक्षी है। उड़ने की कमी को यह अपनी जमीन पर दौड़ने की बेजोड़ क्षमता से पूरा करता है। शुतुरमुर्ग 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से लगातार दौड़ सकता है और एक ही छलांग में 3 से 5 मीटर की दूरी तय कर लेता है। इसके पैरों में केवल दो अंगुलियां होती हैं, जो इसे दौड़ते समय बेहतरीन ग्रिप और गति देती हैं। इसके पैर इतने शक्तिशाली और मजबूत मांसपेशियों से बने होते हैं कि इसकी केवल एक किक से शेर या तेंदुए जैसे खतरनाक शिकारी की भी हड्डी टूट सकती है या उसकी मौत हो सकती है। *



वुडपेकर नेचुरल ड्रिल मशीन

वुडपेकर यानी कठफोड़वा पेड़ों के सख्त तनों में छेद करके कीड़े ढूंढ़ने के लिए अपनी चोंच से लकड़ी पर तेजी से वार करता है। यह एक सेकेंड में लगभग 20 बार और एक दिन में 8,000 से 12,000 बार लकड़ी पर चोट करता है। जब यह चोट करता है, तो इसके सिर पर लगने वाला झटका इंसान को लगने वाले किसी गंभीर एक्सीडेंट के झटके से 10 गुना ज्यादा होता है। इतने भीषण झटकों के बावजूद इसके दिमाग में जरा-सी भी चोट नहीं आती। इसकी खोपड़ी में स्पंज जैसी छिद्रयुक्त हड्डियां होती हैं, जो झटके को सोख लेती हैं। इसकी जीभ बेहद लंबी होती है, जिसे यह अपने सिर के चारों तरफ लपेटकर एक नेचुरल सीटबेल्ट की तरह काम लेता है। *



नए जमाने की ट्रेंडिंग डॉल मिरूमी

डॉल्स सभी बच्चों को खूब भाती हैं। आजकल तो अमेजिंग टेक्नोलॉजी से लैस कुछ ऐसी डॉल्स मिलती हैं, जो तुम्हें हैरत में डाल देंगी। ऐसी ही एक प्यारी-अनोखी जापानी डॉल है- मिरूमी। बच्चे-बड़े सभी को मिरूमी डॉल खूब पसंद आ रही है। इसके बारे में जानो कुछ रोचक बातें।

टेक्नो-ट्वॉय

अंजू जैन



बच्चो, मिरूमी कोई साधारण डॉल नहीं, यह जापान की मॉडर्न टेक्नोलॉजी से बनी एक छोटी इंटरेक्टिव रोबोट डॉल है, जो अपने क्यूट बिहेवियर से सभी का दिल जीत रही है।

कहां से हुई मिरूमी की शुरुआत: मिरूमी डॉल की शुरुआत जापान के टोक्यो शहर से हुई है। इसे युकाई इंजीनियरिंग नाम की एक प्रसिद्ध रोबोटिक्स कंपनी ने बनाया है। 'मिरूमी' नाम दो जापानी शब्दों से मिलकर बना है 'मिरू', जिसका अर्थ है 'देखना' और 'नुइगुरूमी', जिसका अर्थ है 'भरा हुआ खिलौना' यानी स्टफ्ड टॉय। इसे बनाने की प्रेरणा जापानी लोककथाओं के जादुई जीव 'यो काई' और एक छोटे बच्चे की मासूम हरकतों से ली गई है।

बहुत खास और जीवंत है मिरूमी: मिरूमी डॉल में एडवांस सेंसर और मोटर लगे हैं, जिससे यह स्पर्श और आवाज पर रिएक्ट करती है। जब कोई इसे प्यार से थपथपाता है, तो यह अपनी गर्दन हिलाती है। अगर कोई अजनबी इसके बहुत करीब आता है, तो यह शरमाकर अपना चेहरा दूसरी तरफ घुमा लेती है। जब कोई इसे देखता है, तो यह उसे ऐसे देखती है, जैसे कोई छोटा बच्चा देख रहा हो। जब इसकी बैटरी कम होती है, तो यह थकने का नाटक करती है, धीरे-धीरे अपना सिर हिलाने लगती है। मिरूमी की ये प्यारी हरकतें किसी का भी दिल खुश कर सकती है। यही वजह है कि इसे 'स्ट्रेस रिलीफ' करने वाले खिलौने के रूप में पसंद किया जा रहा है।



साथ रखना है आसान: बच्चो, इस क्यूट-सी डॉल मिरूमी को तुम कभी भी, कहीं भी अपने साथ कैरी कर सकते हो। इसके लंबे हाथ होते हैं, जो इसे आसानी से तुम्हारे बैग के स्ट्रैप या बेल्ट से चिपके रहने में मदद करते हैं। इसे बैग एसेसरी के रूप में लगाना आजकल फैशन बन गया है। इसे रिस्ट बैंड की तरह हाथों में भी पहना जा सकता है। जिनके पास मिरूमी डॉल है, वे इससे इतना लगाव महसूस करते हैं कि इसके लिए छोटे-छोटे स्वेटर, स्कार्फ और चश्मा भी खरीदने लगे हैं।

बच्चों को बनाती है संवेदनशील: मिरूमी डॉल बच्चों को संवेदनशीलता सिखाती है। जब कोई बच्चा देखता है कि मिरूमी 'डर' रही है या 'शरमा' रही है, तो वह उसे पुचकारता है, जिससे बच्चे के अंदर देखभाल करने की भावना विकसित होती है। *

मिरूमी की कुछ अन्य खासियतें

बच्चो, मिरूमी डॉल में कुछ और भी विशेषताएं हैं, जो इसे बहुत खास बनाती हैं-

आई-कॉन्टेक्ट तकनीक: इसमें एक विशेष 'अटेंशन सेंसर' लगा है। यह कमरे में मौजूद इंसानी चेहरे को पहचानती है। अगर तुम इसे 3 सेकेंड से ज्यादा देखोगे, तो यह भी तुम्हारी आंखों में आंखें डालकर देखेगी।

धड़कता है मिरूमी का दिल: अगर तुम मिरूमी को अपने सीने से सटाकर पकड़ते हो, तो तुम्हें इसके अंदर एक हल्की धड़कन जैसा महसूस होगा।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्रेरणादायी-रोचक कहानियां

बच्चो, हाल ही में तुम्हारे लिए प्रेरणादायक-रोचक कहानियों का एक संग्रह छपकर आया है, नाम है- टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना। राजकुमार जैन 'राजन' द्वारा लिखी गई इस किताब में कुल ग्यारह कहानियां हैं। इन सभी कहानियों के रंग अलग-अलग हैं। 'पारुल का सपना' कहानी में उसका पायलट बनने का सपना इसीलिए पूरा होता है कि इसके लिए उसने जी-तोड़ मेहनत की और अपनी ट्रेनिंग पूरी करके सफल पायलट बन गई। 'पौधारोपण का महत्व' कहानी में दादाजी की यह बात बहुत महत्त्वपूर्ण और उपयोगी है कि वृक्षों से हरियाली तो रहती ही है, हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। प्लास्टिक का उपयोग कितना खतरनाक है, यह 'प्लास्टिक मुक्त' गांव कहानी पढ़कर जाना जा सकता है। 'खिलौना रोबोट' कहानी में यह तथ्य छिपा हुआ है कि माता-पिता बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कभी-कभी उनकी हर बात न मानकर कुछ बातों के लिए मना भी कर देते हैं। 'सच्ची दीवाली' कहानी का यह उद्देश्य है कि दीवाली जैसे त्योहार का मतलब सिर्फ रोशनी करना ही नहीं होता है, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ देना ही त्योहार का असली उद्देश्य होता है। किताब की शीर्षक कहानी 'टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना' में दो महत्त्वपूर्ण बातें सामने आती हैं- एक, अगर लगन हो तो संसाधनों के अभाव में भी शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। दूसरी, ज्ञान जितना बांटा जाता है हमेशा वह बढ़ता ही जाता है। 'दीपू ने ठग पकड़वाए' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह दीपू ने बड़ी चतुराई और सूझबूझ से ढोंगी व्यक्ति का भंडाफोड़ किया और उसको पुलिस के हवाले करा दिया। संग्रह की अंतिम कहानी 'बच्चों का वाचनालय' शिक्षा के विस्तार से जुड़ी हुई है। ऐसे ही इस संग्रह की अन्य कहानियां भी तुम्हारा मनोरंजन करने के साथ-साथ तुम्हें कुछ-न-कुछ सिखाएंगी। *



किताब: टाइम मशीन और ज्ञान का खजाना (कहानी संग्रह), **लेखक:** राजकुमार जैन 'राजन', **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन, भोपाल



कहानी

रवि प्रकाश

क्लास की खिड़की का शीशा टूटा तो इसके लिए आर्यन को दोषी माना गया, क्योंकि उसकी छवि एक शरारती लड़के की थी। एक छात्रा ने सच बताया, वास्तव में शीशा किससे टूटा? एक सच्ची लड़की की प्रेरक कथा।

सच का साहस



एआई इमेज

टन-टन-टन..!' लंच ब्रेक की घंटी बजते ही क्लास में शांत बैठे बच्चों का शोर-शराबा शुरू हो गया। वे टिफिन खोलने लगे, हंसते हुए बात करने लगे। सिक्सथ क्लास की मीरा अपनी सादगी और शांत स्वभाव के लिए जानी जाती थी। वह अभी अपनी जगह से उठी ही थी कि पीछे से दौड़कर आती एक बच्ची का धक्का लगा। वह पास की खिड़की से जा टकराई। जोर की आवाज हुई, 'चटाक!' खिड़की का शीशा टुकड़ों में फर्श पर बिखर गया।

पूरी क्लास में सन्नाटा छा गया। क्लास मॉनिटर ने दबी आवाज में कहा, 'अरे मीरा! यह तो बहुत महंगा शीशा था। मिश्रा सर अभी आते ही होंगे, वे बहुत गुस्सा करेंगे।'

तभी मिश्रा सर क्लास में दाखिल हुए। टूटे हुए शीशे को देखते ही उनकी भौंहें तन गईं, कड़क आवाज में बोले, 'यह किसने तोड़ा ?' सब सिर झुकाए खड़े थे। मिश्रा सर की नजर कक्षा के सबसे नटखट लड़के आर्यन पर जा टिकी। वह अकसर शरारतें करता था, लेकिन आज वह चुपचाप अपनी सीट पर बैठा था। 'आर्यन! मुझे पता है, यह तुम्हारी ही हरकत होगी। खड़े हो जाओ!' मिश्रा स्वर गुस्से से बोले।

आर्यन घबरा गया, 'नहीं सर... मैंने नहीं तोड़ा है शीशा, सचमुच..।' लेकिन उसकी बात पर मिश्रा सर को यकीन नहीं हुआ। उनके दिमाग में आर्यन की छवि एक शरारती लड़के की जो थी। उधर मीरा का दिल तेज धड़क रहा था। वह कुछ बोलना चाहती थी, पर शब्द जैसे गले में ही अटक गए। उसकी सहेली बहुत धीरे से बोली, 'मीरा, चुप रह। सर तो आर्यन को डांट रहे हैं, तुम्हें कुछ नहीं होगा।'

मीरा के मन में दो आवाजों के बीच जैसे युद्ध छिड़ गया। एक आवाज कह रही थी, 'चुप रहो, डांट से बच जाओगी।' दूसरी आवाज कह रही थी, 'सच बोलो, निर्दोष को मत फंसने दो।'

तभी उसे अपनी दादी मां की कही बात याद आई, 'गलत करके चुप रहना, अपने आपको धोखा देना है। तुम्हारी गलती की सजा किसी और को मिले, यह तो एक प्रकार से पाप है।'

मीरा की टांगें कांप रही थीं, लेकिन उसने पूरी हिम्मत जुटाई और हाथ ऊपर उठाकर बोली, 'सर!' उसकी आवाज पहले थोड़ी लड़खड़ाई, फिर संभलकर बोली, ' खिड़की का शीशा आर्यन ने नहीं तोड़ा, मुझसे टूटा है। मैं मुड़ रही थी, गलती से मेरा हाथ लग गया। मुझे माफ कर दीजिए सर।'

मिश्रा सर का गुस्सा पल भर में शांत हो गया। उन्होंने आर्यन को बैठने का इशारा किया और पूरी क्लास की ओर मुड़े और शांत भाव से बोले, 'टूटा हुआ कांच बदला जा सकता है, लेकिन कोई गलत काम करके एक बार नजरों से गिर जाए, तो हमेशा के लिए विश्वास-भरोसा खो देता है। मीरा ने आज सच बोलकर एक साहस का काम किया है, सबका दिल जीता है। अपनी गलती स्वीकार करना, बहुत हिम्मत का काम है।'

यह सुनकर बच्चों ने एकसाथ क्लैपिंग की। मीरा सच बोल कर मन ही मन बहुत हल्का महसूस कर रही थी। *

कविता

शादाब आलम



एआई इमेज

पिप्पी एक पपी लाई

विद्यालय से घर आई है
पिप्पी एक पपी लाई है।
उसे खूब उसने नहलाया
झाड़ा, पोछा, तेल लगाया।
मां बोलीं, क्यों इसको लाई
कौन करेगा साफ-सफाई?
पापा भी बोले, पल भर में
बहुत गंदगी होगी घर में
दादी बोलीं, पान चबाकर
इसे छोड़ दे बाहर जाकर
सबके पास समय की किल्लत
कौन करेगा इसकी खिदमत?
बात सुनी पिप्पी ने सबकी
और पपी को दी फिर थपकी
बोली उसको गोदी लेकर
मैं हूं इसकी केयरटेकर।



कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

एक रूप रुपहला तारा

एक रूप रुपहला तारा
जैसे थाली भर पारा
या परी भुलक्कड़ भूली
अपना सिंगार पिटारा
एक झिलमिल सा आईना
टीका है जड़ा नगीना
नीले सरुवर में मानो
एक श्वेत कमल रसभीना
नभ की दीवार घड़ी है
बिंदी जो रतन जड़ी है
खा लो, है बर्फ का गोला
खेलो वह बॉल पड़ी है
यह चांदी का सिक्का है
या ताश तुरुप इक्का है
कुरमुर पापड़ चावल का
या आलू का टिक्का है
क्या साइज है इडली का!
या प्याला भरा दही का
मीठा लड्डू मावा का
या घेवर फीका-फीका?
रबड़ी का भरा कटोरा
बिखरा मिसरी का बोरा
मां धरती नीली-नीली
पर मामा गोरा-गोरा।

जीके क्विज-228

1. हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल किए गए पहले स्वदेशी बहुउद्देशीय युद्धपोत का क्या नाम है?
2. शरद पूर्णिमा को किस महान ऋषि की जयंती मनाते हैं?
3. वर्ष 2026 के लिए भौतिकी (फिजिक्स) का नोबेल पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?
4. कंप्यूटर के किस हिस्से को उसका मस्तिष्क कहा जाता है?
5. राष्ट्रीय एकता दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत की संसद के निचले सदन को क्या कहते हैं?
7. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
8. आंवला में कौन-सा विटामिन पाया जाता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
10. भारत का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-228 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-227 का उत्तर: 1. नवी पिल्लै, 2. ऐनी कार्सन, 3. मध्य प्रदेश, 4. आशुतोष दीक्षित, 5. बौद्ध धर्म, 6. 11, 7. विष्णु शर्मा, 8. न्यूयॉर्क सिटी, 9. चिल्का झील, 10. कैनबरा

जीके क्विज-227 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, यशस्वी-ईमेल से, धृष-दिल्ली, रोहित-राजानांदगांव, निशिता-भोपाल, अवियांश-बलौदा बाजार, देविषा-महासमुंद, लाभ्या-झज्जर, श्रुति-रोहतक, माधव-बिलासपुर, राशि-हिसार

रंग भरो-213

रंग भरो-213 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





सान्वी, बिलासपुर



वसनी, रायपुर



मानित, रोहतक



कुंजल, रायपुर



दीक्षा, धमतरी



आंचल, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सावी-बिलासपुर, प्रिया-धमतरी, तृषा-रायपुर, काश्वी-रायपुर, भव्या-बिलासपुर, सुमन-भिवानी, माधव-जांजगीर, सविता-कटनी, दिनेश-दिल्ली, राजेश-धमतरी, पंकज-गुना, विनेश-करनाल, सौरभ-बिलासपुर, रानी-कोरबा, सुमन-भोपाल

रंग भरो 214



बच्चो, यहां तालाब में तैर रही डक और डकलिंग्स का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बालीनगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

न्यूज डायरी



140 टीजीटी अध्यापकों का प्रशिक्षण शुरू

गोहाना। गोहाना-सोनीपत मार्ग पर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ोता में शैक्षणिक खंड गोहाना, खंड मुंडलाना और खंड कथूरा के सभी हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत और पंजाबी अध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया। शिविर का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी गोहाना बलजीत सिंह गहलावत और खंड शिक्षा अधिकारी कथूरा लवल किशोर शर्मा ने किया। विद्यालय प्राचार्य करम सिंह नैन ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में तीनों शैक्षणिक खण्डों के 140 टीजीटी अध्यापकों को 8 मास्टर ट्रेनर सुनीता, शीला सिंहरोहा, सत्यनारायण वशिष्ठ, राधेश, सोनी प्रसाद, आलोक, कनिका और हरीश प्रशिक्षित करेंगे। शिविर में गुरुवार को शिक्षकों को एआई और नई शिक्षा नीतिः 2020 विषय पर भाषा अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया।



प्राचार्या व मुख्य वक्ता ने छात्राओं को किया जागरूक

सोनीपत। टीका राम गर्ल्स कॉलेज के वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एलओयू के अंतर्गत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं साइबर सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। फ्यूचर टेक एंड सीएसआर प्रोग्राम की सीनियर एंगेजमेंट एसोसिएट रश्मि ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं को एआई के उपयोग, साइबर खतरों, ऑनलाइन सुरक्षा तथा डिजिटल तकनीक के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. डॉ. उषा दहिया ने डिजिटल युग में इन विषयों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजिका डॉ. मोनिका, सह-संयोजिका डॉ. आशा, अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. सविता, वाणिज्य विभाग की डॉ. निशा तथा सीमा के सहयोग से किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर तकनीक के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूकता प्राप्त की।



समस्याओं के निपटारे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

गोहाना। एसडीएम अंकित कुमार ने कहा कि लोगों की समस्याओं के निपटान को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्याओं का समाधान करना अधिकारियों की जिम्मेवारी है। वे अपनी इस जिम्मेवारी को ईमानदारी से निभाएं। वे गुरुवार को उपमंडलीय परिसर स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारी समस्याओं के समाधान को लेकर अपनी जिम्मेवारी सुनिश्चित करें। शिविर में जमीन की पैमाइश करवाने, इंतकाल दर्ज करवाने, पंचायती जमीन के प्लॉट पर किए गए अवैध कब्जे को रुकवाने और फैमिली आईडी ठीक करवाने जैसी शिकायतें प्राप्त हुई। शिविर में नायब तहसीलदार गोहाना हेमंत कुमार, मनोनीत पार्षद बलराम कौशिक, नगर परिषद सचिव सुंदर शर्मा, बीडीपीओ कथुरा पूनम चंदा, बीडीपीओ मुंडलाना अश्विनी कुमार, सिंचाई विभाग से एसडीओ योगेश, बीईओ लवल किशोर तथा मुख्यमंत्री एमिनेंट पर्सन मुकेश रोहिला व एआर प्रशांत कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



समाधान शिविर में प्राप्त हुई 12 शिकायतें

सोनीपत। लघु सचिवालय में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए डीडीपीओ मनीष मलिक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निर्धारित समयावधि में तत्परता से समाधान सुनिश्चित करें।

समाधान शिविर के दौरान कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें फरमाणा गांव में फिरनी पर अवैध कब्जों को हटवाने की ग्रामवासियों ने शिकायत दी। गांव बड़ौदा मोर निवासी ने शिकायत दी कि उसकी गाड़ी पर लगे फास्ट टैग में त्रुटि है उसको ठीक करवाया जाए। गांव बैयांपुर निवासी राजबाला ने शिकायत दी कि गांव में नई गली बनने से उसका घर का लेवल नीचे चला गया है जिसके कारण उसके घर से पानी नहीं निकल रहा कृपया इसका समाधान करवाया जाए। गांव देवडु निवासी ने शिकायत दी की वह 100 प्रतिशत दिव्यांग है, जिसके आधार पर उसका बिजली बिल माफ करवाया जाए। विकास नगर निवासी ने शिकायत दी कि उसका पति एक सस्थां का कर्मचारी था। उसकी मृत्यु के बाद संस्था द्वारा उसे नौकरी पर रखने का आश्वासन दिया था। अब संस्था उसे ठेके पर रख रही है। जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रही है। गांव छहतेरा निवासी ने चार महीने से पेंशन बंद होने की शिकायत दी। अन्य शिकायतों में गांव राठधना निवासी ने शिकायत दी कि उसने 40 वर्ष पूर्व अपनी खेती की जमीन पर ट्यूबल लगवाया था। 40 वर्ष से जो ट्रांसफॉर्मर लगा था वह लाइन जर्जर हो गई है इसके लिए कई बार लिखित में शिकायत दे चुका है। इसका समाधान करवाया जाए। गांव देबडू निवासी ने अपनी निजी सामूहिक भूमि पर बिजली का ट्रांसफॉर्मर हटवाने की शिकायत दी। गांव बागडूं निवासी ने शिकायत दी की 1994 में सरकार द्वारा उसे प्लाट दिया गया था जिसका कब्जा उसे आज तक नहीं मिला है उसे सरकार द्वारा दिए गए प्लांट पर कब्जा दिलवाया जाए। गांव शाहपुर तुर्क निवासियों ने गांव की चैपाल की मरम्मत करवाने के लिए शिकायत दी। सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए डीडीपीओ मनीष मलिक ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार जांच कर निर्धारित समयावधि में समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसीपी राजदीप मोर, तहसीलदार कीर्ति सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

तीन दिन में देना होगा जवाब

सीएम विंडो की शिकायतें लटकाने वाले 41 विभागाध्यक्षों को नोटिस

- उपायुक्त नेहा सिंह ने दिखाई सख्ती, सात दिन में शिकायतों का समाधान कर कार्रवाई रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीएम विंडो पर आमजन की शिकायतों का समय पर समाधान नहीं करना जिले के 41 विभागाध्यक्षों को भारी पड़ गया है। शिकायतों के निपटारे में देरी और लंबित मामलों को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त नेहा सिंह ने संबंधित विभागाध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि शिकायतों को लंबित रखकर जिम्मेदारी से बचना अब आसान नहीं होगा। नोटिस मिलने के तीन दिन के भीतर अधिकारियों को अपना स्पष्टीकरण देना होगा, जबकि लंबित शिकायतों का सात दिन में निपटारा कर कार्रवाई की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी होगी। सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतें आम नागरिकों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने और उनका समाधान कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे में शिकायतों के लंबे समय तक लंबित रहने को प्रशासनिक जवाबदेही से जोड़कर देखा जा रहा है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे शिकायतों की केवल औपचारिक खानापूर्ति न करें, बल्कि उपलब्ध तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर उचित निर्णय लें। शिकायत का समाधान करने के बाद की गई कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट और आवश्यक दस्तावेज सीएम विंडो पोर्टल पर अपलोड करना भी अनिवार्य होगा।

राजस्व से लेकर नगर निकायों तक के अधिकारी दायरे में

कारण बताओ नोटिस पाने वाले अधिकारियों में राजस्व, पंचायत, शिक्षा, स्वास्थ्य, नगर निकाय, प्रदूषण नियंत्रण, वन, आबकारी एवं कराधान और शहरी विकास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हैं। तहसीलदार सोनीपत, गोहाना, गन्नौर और खरखौदा के अलावा नायब तहसीलदार राई को भी नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं, सोनीपत, गन्नौर, गोहाना और खरखौदा के उपमंडल अधिकारियों को भी जवाब देना होगा। इसके अलावा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों, जिला राजस्व अधिकारी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला नगर योजनाकार और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित कई विभागों के अधिकारियों को जवाबदेही के दायरे में लिया गया है। नगर निगम सोनीपत, नगर पालिकाओं और नगर परिषद गोहाना के अधिकारियों के साथ एचएसआईआईडीसी, हरियाणा आवास बोर्ड, पंचायती राज और जल सेवाएं विभाग के अधिकारियों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। उपायुक्त कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के प्रभारी भी इस सूची में शामिल हैं।

प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से जांच की जाए

उपायुक्त नेहा सिंह ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक शिकायत की गंभीरता से जांच की जाए और उसका समाधान तथ्यों के आधार पर किया जाए। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि शिकायत के निपटारे के दौरान की गई कार्रवाई का पूरा विवरण पोर्टल पर उपलब्ध हो। किसी शिकायत का निस्तारण बिना उचित जांच या पर्याप्त आधार के नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने और शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का उद्देश्य शिकायतों के निपटारे में होने वाली अनावश्यक देरी को रोकना और सरकारी कामकाज में पारदर्शिता तथा जवाबदेही बढ़ाना है। अब संबंधित विभागाध्यक्षों के सामने तीन दिन में नोटिस का जवाब देने और सात दिन में शिकायतों के समाधान की कार्रवाई पूरी करने की समयसीमा है।



संबंधित विभाग से सड़क की सुध लेने और जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की

कुराड़ से जीटी रोड को जोड़ने वाली सड़क खस्ताहाल, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव कुराड़ से जीटी रोड पर सुखदेव ढाबे के पास निकलने वाली हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड की सड़क की खस्ताहालत के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित विभाग इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा, जिसके चलते उन्हें रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण कुलदीप, महेंद्र, विकास, सतबीर ने बताया कि गांव कुराड़ से जीटी रोड तक आने-जाने के लिए यह सड़क महत्वपूर्ण है। सड़क की हालत लंबे समय से खराब होने के कारण वाहन चालकों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। विशेषकर रात के समय सड़क पर बने गहरे गड्ढे दिखाई नहीं देने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत नहीं होने से वाहन चालकों के साथ-साथ गांव के लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने संबंधित विभाग से सड़क की सुध लेने और जल्द निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

18 फीट चौड़ी होगी सड़क

इस संबंध में हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारी विजेंद्र दहिया ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर दिया गया है। वर्क प्लान तैयार होने के बाद इसे अनुमति के लिए मुख्यालय भेजा गया है। उन्होंने बताया कि एस्टीमेट के अनुसार सड़क की चौड़ाई 18 फीट की जाएगी और इस पर इंटरलॉकिंग टाइलें बिछाई जाएंगी।

बिजली की हाईटेंशन लाइनों से पीड़ित किसानों का जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन पड़ाव शुरू



सोनीपत। जिला मुख्यालय पर बिजली की हाईटेंशन लाइनों से पीड़ित किसानों ने अपनी मांगों को लेकर पड़ाव शुरू कर दिया है। छोटूराम धर्मशाला के सामने एकत्रित हुए किसानों ने थाली बजाते हुए जिला मुख्यालय तक मार्च निकाला। किसान नेताओं ने बताया कि 3 सितंबर को किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से गुरुग्राम में मुलाकात की थी, जिसमें हाईटेंशन लाइनों के उचित मुआवजे समेत खेती-किसानी की 10 मांगों पर चर्चा हुई थी। केंद्रीय मंत्री ने 6 अक्टूबर को हाईटेंशन लाइनों के मुआवजे के लिए नई पॉलिसी की घोषणा कर दी थी, जो मार्किट वैल्यू निकालने की लॉटरी व्यवस्था से बेहतर है। लेकिन आरोप है कि हरियाणा सरकार ने इन नई गाइडलाइन्स के अनुसार अभी तक गैजेट नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। इसके अलावा नरेला-सीकर एवं सिवानी-सोनीपत हाईटेंशन लाइनों से पीड़ित सोनीपत के गांवों की मार्किट वैल्यू में अभी तक कोई सुधार नहीं किया गया है। किसानों ने मांग की कि केंद्र की नई गाइडलाइन्स के मुताबिक राज्य सरकार जल्द नया गैजेट नोटिफिकेशन जारी करे। 7 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ हुई बैठक में सकारात्मक आश्वासन मिलने के बावजूद 14 दिन बीतने पर भी कोई कदम नहीं उठाया गया है। इस दौरान बेदी दहिया, युद्धविंदर मेहला, शक्ति दहिया, प्रवीण दहिया, इंदरजीत राणा, देवेंद्र गहलावत, रविंद्र मलिक, विकास राणा, बलराज दहिया, बिजेंद्र दहिया, दिलबाग बिंझौल, मनोज जागलान, हंसबीर खरब, शमशेर पूनिया, संदीप गहलावत और बब्नी सिंह सहित सैकड़ों किसान व महिलाएं मौजूद रहे।

वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सीएक्यूएम की गाइडलाइंस के अनुसार कार्य करें अधिकारी

सोनीपत। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी व सीएक्यूएम के चेयरमैन राजेश वर्मा की अध्यक्षता में दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरूवार को संबंधित उपायुक्तों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान धान के फसल अवशेष जलाने पर रोक लगाने, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने, सड़कों एवं खुले क्षेत्रों में धूल से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम, निर्माण एवं विध्वंस गतिविधियों से उत्पन्न धूल को नियंत्रित करने तथा औद्योगिक इकाइयों से होने वाले प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त नेहा सिंह ने वीसी के उपरांत संबंधित अधिकारी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीएक्यूएम की गाइडलाइंस के अनुसार कार्य करते हुए जिला में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाएं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े सभी एजेंडा बिंदुओं पर बिना किसी लापरवाही के गंभीरता से कार्य किया जाए। इस दौरान क्षेत्रीय अधिकारी अजय मलिक, मोटर व्हीकल अधिकारी सचिन ढुल सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



इनेलो ने संगठन विस्तार के तहत कीं नई नियुक्तियां

सोनीपत। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने नई नियुक्तियां की हैं। पार्टी ने सोनीपत जिले के वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपते हुए पूर्व राई विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता अजित आंतिल को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, राकेश जैन को व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव तथा पूर्व चेयरमैन सतपाल गोयल को शहरी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इनेलो जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने आपसी विचार-विमर्श के बाद इन नियुक्तियों का निर्णय लिया है। तीनों नेताओं का लंबा राजनीतिक अनुभव रहा है और उन्होंने जनहित के मुद्दों तथा पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किया है।

न्यूज डायरी



युवाओं को नशे से बचाने के लिए शिक्षण संस्थानों के आसपास पुलिस रखे कड़ी निगरानी : अजय

सोनीपत। अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य करें। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए विश्वविद्यालयों, कॉलेजों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास पुलिस कड़ी निगरानी रखे और नशे की बिक्री से संबंधित किसी भी सूचना पर तुरंत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे। अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति (एनकोर्ड) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशे की रोकथाम, अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सभी केमिस्ट दुकानों की नियमित निगरानी एवं जांच की जाए, ताकि नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। अतिरिक्त उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि वे नशे की रोकथाम में जिला प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में एसीपी अमित कुमार, एडीए पवन अत्री, विजय कुमार ईओ एचएसवीपी, डॉ. योगेश डिप्टी सीएमओ, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कानूनी जागरूकता के अभाव में पोर्टल के नाम पर आम जनता का शोषण और भ्रष्टाचार हो रहा

सोनीपत। जन सेवा ट्रस्ट हरियाणा के प्रधान एवं पूर्व वन कर्मचारी जीवन सिंह ने एनजीटी के निर्देशों के तहत गैर-वन भूमि से वृक्ष कटाई पर तीन देसी पौधे लगाने के वन विभाग के पत्र पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजाब भू-संरक्षण अधिनियम 1900 की धारा 4 केवल पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, फरीदाबाद सहित कुछ जिलों में ही लागू है। कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, रोहतक, सोनीपत और जींद जैसे जिलों के राजस्व क्षेत्रों में पेड़ काटने की अनुमति का प्रावधान लागू नहीं है। साथ ही धारा 4 लागू क्षेत्रों में भी बांस, सफेदा, पॉपुलर और अमरूद के पेड़ों की कटाई के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं होती। जीवन सिंह ने कहा कि ऐसे पत्र न तो सरकार से अनुमोदित हैं और न ही राजपत्र में प्रकाशित। कानूनी जागरूकता के अभाव में पोर्टल के नाम पर आम जनता का शोषण और भ्रष्टाचार हो रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर सूचना पट्ट लगाकर कानूनों को सार्वजनिक करने की मांग की।





विद्यार्थियों ने तकनीकी दक्षता और नवीन विचारों का किया प्रदर्शन

सोनीपत। हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग सोनीपत में बीपीएस ग्रुप एवं फ्यूचर लीडएक्स के सहयोग से अभ्युदय हैकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, तकनीकी दक्षता, रचनात्मक सोच, टीमवर्क तथा समस्या-समाधान की क्षमता को प्रोत्साहित करना और उन्हें उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना था। आयोजन में 44 टीमों के कुल 121 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, तकनीकी ज्ञान एवं नवीन विचारों का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए अपने प्रोजेक्ट आइडिया प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के निदेशक प्रो. डॉ. डीपी सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन की चुनौतियों को समझने और व्यावहारिक समाधान विकसित करने में सहायता करते हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के सदस्य तरुण मित्तल ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक अनुभव और तकनीकी दक्षता भी आवश्यक है। कार्यक्रम के समन्वय में नक्ष गर्ग, प्रतिष्ठा एवं सार्थक ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

गंदे पानी व बिजली से संबंधित प्राप्त हुई शिकायतें

खरखौदा। एसडीएम अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में जन समस्याओं के समाधान के लिए खरखौदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें एवं समस्याएं रखीं। एसडीएम ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को इनके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में मुख्य रूप से बरसाती एवं गंदे पानी की निकासी, पेयजल आपूर्ति, बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनका मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। एसडीएम अमित भारद्वाज ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करें और लंबित मामलों का निर्धारित समयावधि में निपटारा सुनिश्चित करें।

चिकित्सकों ने 150 बुजुर्गों की जांच की

सोनीपत। पालीवाल ब्राह्मण समाज द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पालीवाल धर्मशाला में निःशुल्क आंखों का जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दृष्टि आंखों का अस्पताल नरेला की मेडिकल टीम ने अपनी सेवाएं दीं और लगभग 150 बुजुर्गों की आंखों की जांच कर परामर्श दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पालीवाल ब्राह्मण युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश पालीवाल, धर्मशाला के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, उपाध्यक्ष सुभाष पालीवाल, कोषाध्यक्ष नेपाल पालीवाल तथा प्रचार मंत्री मनोज पालीवाल मौजूद रहे। इनके साथ ही जनहित अभियान फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा, डेरी एसोसिएशन के प्रधान बबला मलिक, मनोज गुप्ता, सुशील पाराशर और नरेश अंतिल आदि भी उपस्थित रहे।

गांव खंदराई की पूजा को मिला सर्वश्रेष्ठ माता का पुरस्कार

गोहाना। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुंडलाना खंड के बिचपड़ी गांव में सर्कल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ माता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों से महिलाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में गांव खंदराई की पूजा ने प्रथम, गांव बिचपड़ी की नीलम ने द्वितीय और गांव खंदराई की रूबी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि ब्लाक समिति की चेयरपर्सन सुशीला देवी ने विजेता एवं उप विजेता माताओं को सम्मानित किया। सर्कल सुपरवाइजर सुजाता मोर ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं की लिखित परीक्षा ली गई, जिसमें उनके ज्ञान और जागरूकता का आकलन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिला को 2,000 दो हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली को 1,200 रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली को 800 रुपये की राशि देकर सम्मानित किया गया। सुपरवाइजर सुजाता ने महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

सूचना

मैं, श्रीमती सुनीता सिंह पत्नी श्री महेन्द्र निवासी गांव प्रीतमपुरा, तहसील राई, जिला सोनीपत, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र हरीश व पुत्रवधू लता मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ग्राम पंचायत खानपुर कलां
खण्ड गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा-131301

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खानपुर कलां में अस्थल चौपाल को कण्डम घोषित करवाया गया है। इस चौपाल की खुली बोली दिनांक 6.11.2026 को प्रातः 10 बजे ग्राम पंचायत खानपुर कलां की अस्थल चौपाल में करवाई जानी है। बोलीदाता को 20 हजार रुपये की असीम राशि बतौर सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। बोली की शर्तें व नियम मौके पर बताए जाएंगे।

हस्ता/-सरपंच,
महाग्राम पंचायत खानपुर कलां
गोहाना (सोनीपत)

प्रतियोगिता

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में स्टार्टअप इनोवेशन आइडियाथॉन आयोजित

छात्राओं ने नवाचार व उद्यमशीलता की सोच का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल एवं वाणिज्य व प्रबंधन विभाग द्वारा स्टार्टअप इनोवेशन आइडियाथॉन आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 14 टीमों ने ईको सॉर्ट, रिवर्स एआई, रिस्टॉप और शक्ति सेफ जैसे अभिनव विचार प्रस्तुत किए। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परुथी और प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. डॉ. सुमन नासा, कमलेश चोपड़ा, डॉ. अनीता सैनी और डॉ. आशा चावला ने निभाई। प्रतियोगिता में अनिशा, कोमल व लकी (टीम ट्राईनोवा) ने प्रथम और हर्षिता, श्रुति, सोफिया व नैन्सी (टीम सोनोविअर) ने द्वितीय स्थान पाया। तृतीय स्थान आरजू व अनुष्का (टीम थ्रेड प्रेन्यओर) और तनीशा, नेहा, साक्षी व दीक्षा (टीम सेफ स्ट्राईड) ने संयुक्त रूप से हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार भावना दहिया, खुशबू झा, तक्षिका व तान्या (टीम शक्ति) और भूमिका व काजल (टीम हंग्री माइंड्स) को मिला। कार्यक्रम में आईआईसी संयोजक डॉ. प्रवीन शर्मा, रुचिका विरमानी वर्मा, डॉ. नवीन कुमारी, डॉ. तमन्ना, प्रीति लूथरा, अंशु, रितु, मोनिका, पारुल, वंदना, रोजी चोपड़ा, रोहिणी मदान, दीपिका और मंच संचालक नैना उपस्थित रहीं।



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ करती प्राचार्या साथ में अतिथि एवं कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

उद्योग व स्टार्टअप की बारीकियों से रूबरू हुए छात्र



सोनीपत। गेटवे इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सोनीपत के कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग द्वारा एमसीए विद्यार्थियों के लिए आईआईटी दिल्ली के सोनीपत कैंपस का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता, स्टार्टअप, उभरती तकनीकों और नवाचार के अवसरों से परिचित कराना था। एआईसी आईआईटी दिल्ली सोनीपत इनोवेशन फाउंडेशन के प्रबंधक डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नवाचार, उद्यमशीलता और तकनीकी ज्ञान को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को इन्क्यूबेशन सुविधाओं और मार्गदर्शन का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. विशाल जैन एवं विभागाध्यक्ष पारुल के मार्गदर्शन में हुआ। भ्रमण का समन्वय सहायक प्राध्यापक लीशा और नेहा कालिया ने किया। डॉ. विशाल जैन ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान और रचनात्मक सोच विकसित करते हैं। विद्यार्थियों ने इन्क्यूबेशन सेंटर और स्टार्टअप विकास की जानकारी प्राप्त की।

खबर संक्षेप



खरखौदा। विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए सुपरवाइजर पूजा खरब।

सर्वोत्तम माता पुरस्कार स्पर्धा में कोमल प्रथम

खरखौदा। गुरुवार को महिला एवं बाल विभाग की सुपरवाइजर पूजा खरब की अध्यक्षता में गांव थाना कलां सर्कल स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सर्कल के सभी गांवों रोहणा, मटिंडू, छिन्नौली, थाना कलां व थाना खुर्द से आयी योग्य माताओं द्वारा भाग लिया। प्रतिभागी माताओं की लिखित परीक्षा ली गई। उसके आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली माताओं का चयन किया गया और उन्हें क्रमशः 2000, 1200 व 800 रुपये की नकद राशि सम्मानित किया। घोषित परिणाम के अनुसार कोमल पत्नी महेश मटिंडू प्रथम, पुष्पा पत्नी संजय थाना खुर्द द्वितीय व रेनू पत्नी जितेन थाना कलां तृतीय रही।



रीवा शर्मा ने बॉक्सिंग में जीता सिल्वर मेडल

खरखौदा। गांव थाना खुर्द स्थित द स्टैनफोर्ड स्कूल के लिए गौरव का क्षण रहा, जब कक्षा 8 की छात्रा रीवा शर्मा ने सीबीएसई नेशनल गेम्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर स्कूल, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। रिवा की इस शानदार उपलब्धि से पूरे स्कूल परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों के बीच रीवा ने अपने दमदार खेल, साहस और अनुशासन का परिचय देते हुए पदक अपने नाम किया। इतनी कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतना उसकी कड़ी मेहनत और लगन का प्रमाण है। मेडल के साथ जैसे ही रीवा स्कूल पहुंची, वहां मौजूद शिक्षकों, स्टाफ और विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट और फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया।



तविश
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने जिला की सोनीपत, गोहाना, खरखौदा व गन्नौर मंडियों का किया दौरा, धान खरीद व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सरकार किसानों के हित में ले रही अहम फैसले

खरीदा जाएगा फसलों का एक-एक दाना : श्याम सिंह राणा

- अधिकारियों को निर्देश, किसानों की उपज की जल्द करवाएं लिफ्टिंग, सरकार खरीदेगी किसानों का एक-एक दाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने गुरुवार को धान खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिला सोनीपत की गोहाना, खरखौदा, सोनीपत और गन्नौर अनाज मंडियों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में खरीद, उठान सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंडियों में पहुंचे किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाए। धान खरीद कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रखी जाए और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मंडियों में खरीदी गई धान की फसल की लिफ्टिंग जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाए, ताकि मंडियों में उपज का अनावश्यक जमाव न हो और किसानों को अपनी फसल बेचने में सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि अगर खेत मे वास्तविक फसल उत्पादन पोर्टल पर दर्ज मात्रा से अधिक है, तो किसान परेशान न हों। वे संबंधित अनाज मंडी में मंडी सचिव से संपर्क कर अपनी समस्या को बता सकते है। जांच के बाद नियमों के हिसाब से समाधान किया जाएगा। जिससे की वास्तविक उत्पादन के अनुसार खरीद प्रक्रिया को आगे बढाया जा सके। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी धान की फसल को अच्छी तरह सुखाकर तथा साफ करके ही मंडी में लेकर आएं।



सोनीपत। अनाज मंडी में निरीक्षण करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा साथ में अधिकारी एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि



गन्नौर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुऐ विधायक देवेंद्र कादियान।

ये रहे मौजूद

इस दौरान एसडीएम गोहाना अंकित कुमार, एमडीएम खरखौदा अमित भारद्वाज, मार्केट कमेटी सोनीपत चैयरमैन अरूण चौहान, मार्केट कमेटी गन्नौर चैयरमैन निशांत छौक्कर, मार्केट कमेटी खरखौदा चैयरमैन आनंद दहिया, मार्केट कमेटी गोहाना चैयरमैन कृष्ण सैनी, डीएफएससी राजेश्वर मुदगिल, मंडी सचिव, जितेन्द्र, सविता जैन, सिकंदर सांगवान, प्रदीप कुमार व अन्य सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

कम संसाधनों में अधिक उत्पादन हासिल करना सरकार का लक्ष्य : शिवराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

मुरथल स्थित मन्नत हवेली में वीरवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा पहुंचे। विधायक देवेंद्र कादियान ने दोनों मंत्रियों का बुके देकर स्वागत किया और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान कृषि लागत कम करने, एमएसपी, आधुनिक तकनीक, प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान कृषि और किसान कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र में बदलाव लाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में देश के खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसमें केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय, योजनाओं के प्रभावी तालमेल, जलवायु अनुकूल तकनीकों, लक्षित निवेश और किसानों को अधिक सहायता देने का योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि कम संसाधनों में अधिक उत्पादन हासिल करना सरकार का लक्ष्य है।



गन्नौर। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को स्मृति चिन्ह भेंट करते मार्केट कमेटी चेयरमैन निशांत छोक्कर, वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक व फूड ग्रेन एसोसिएशन के पदाधिकारी।

कृषि मंत्री ने गन्नौर अनाज मंडी का किया दौरा आढ़तियों ने उठाई मंडी शिफ्ट करने की मांग

गन्नौर। प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा वीरवार को गन्नौर की नई अनाज मंडी पहुंचे। उन्होंने मंडी में धान की फसल का जायजा लिया और आढ़तियों व किसानों से बातचीत की। इस दौरान आढ़तियों ने मंडी में जगह की कमी के कारण आ रही परेशानियों से अवगत कराते हुए इसे बड़े स्थान पर शिफ्ट करने की मांग का मांगपत्र सौंपा। मार्केट कमेटी चेयरमैन निशांत छोक्कर, वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक, गन्नौर फूड ग्रेन एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र गोयल, सुरेश त्यागी, कोषाध्यक्ष अनिल कौशिक, सचिव नीरज त्यागी और रोहताश छिक्कारा ने कृषि मंत्री का स्वागत किया। प्रेसवार्ता में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के एमएसपी पर खरीद नहीं होने संबंधी बयान पर कृषि मंत्री ने कहा कि यदि कोई ढेरी एमएसपी पर नहीं बिक रही है तो उसे उनके पास लेकर आएं। उन्होंने खेतों की सेहत बचाने के लिए खाद का संतुलित इस्तेमाल करने, मिट्टी व पानी की जांच करवाने और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल पर उन्होंने कहा कि कर्मचारी बिजली निगम के निजीकरण का विरोध कर रहे हैं। उनकी मांगों का सरकार जल्द ही समाधान निकालेगी।

श्मशान घाट से सात हजार रुपये का सरिया चोरी

गन्नौर। गांव खेड़ी तगा के श्मशान घाट से पुराना सरिया चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव के सरपंच वेदप्रकाश की शिकायत पर बड़ी थाना क्षेत्र के एचएसआईआईडीसी बड़ी थाने में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खेड़ी तगा निवासी एवं ग्राम पंचायत के सरपंच वेदप्रकाश ने बताया कि गांव के श्मशान घाट में पुराना सरिया पड़ा हुआ था।

युवा बदलाव की राह देख रहे, कांग्रेस की ओर बढ़ रहा जेन-जी का रुझान

- दीवान फार्म पर अनिकेत शर्मा की अगुवाई में छात्र व युवाओं ने थामा कांग्रेस व एनएसयूआई का हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बहालगढ़ रोड स्थित दीवान फार्म पर आयोजित एक कार्यक्रम में छात्र नेता अनिकेत शर्मा की अगुवाई में 125 से अधिक छात्र व युवाओं ने कांग्रेस पार्टी और उसकी छात्र इकाई एनएसयूआई का दामन थाम लिया। कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान और पार्टी नेता भरत नांदल ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर विधिवत रूप से संगठन में शामिल कराया और उनका स्वागत किया। कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि देश का युवा मौजूदा व्यवस्था और नीतियों से पूरी तरह निराश हो चुका है और अब वह बदलाव की राह देख रहा है। आज की नई पीढ़ी (जेन-जी) का रुझान तेजी से कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के विचारों की ओर बढ़ रहा है। युवा वर्ग रोजगार, बेहतर शिक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा जैसे बुनियादी मुद्दों पर मजबूती से अपनी आवाज उठा रहा है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी तादाद में युवाओं का पार्टी से जुड़ना बेहद उत्साहजनक है, जिससे जिले में संगठन को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छात्र नेता अनिकेत शर्मा ने कहा कि छात्र और युवा वर्ग ही देश की राजनीति की दशा और दिशा तय करने की ताकत रखता है। प्रदेश महासचिव भारत नांदल, सचिव पायल मलिक, भाव, रितिक, साहिल, वंश खत्री, मनी, नवदीप, शुभांशु सहित कांग्रेस व एनएसयूआई के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।



सोनीपत। युवाओं के साथ कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष एवं एनएसयूआई के पदाधिकारी।



सोनीपत। जर्मन से भारत आया शिक्षकों का दल। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत पहुंचा जर्मन शिक्षकों का दल

सोनीपत। जर्मनी के स्टुटगार्ट स्थित सेमिनार टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से शिक्षकों का दल दो सप्ताह के लिए कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गुरुवार सुबह सोनीपत पहुंचा। इनकी मेजबानी मुरथल स्थित श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल व कुंडली स्थित सनराइज इंटरनेशनल स्कूल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य मेहमानों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं व शिक्षा प्रणाली को करीब से समझने का अवसर प्रदान करना है। जर्मन मेहमान इन दोनों स्कूलों के शिक्षकों के साथ उनके घर पर रहेंगे जिससे उन्हें भारत की पारिवारिक संरचना और जीवन मूल्यों को भी नजदीक से जानने का अवसर मिलेगा। इस दौरान मेहमानों के लिए भारतीय सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर और आधुनिक भारत के विकास की झलक दिखाने हेतु उत्तर भारत के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया जाएगा।

एशियन गेम्सः स्वर्ण पदक विजेता सुमित वाल्मीकि का 25 को सम्मान समारोह

गन्नौर। एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमित वाल्मीकि के सम्मान में गांव कुराड़ स्थित एच.के. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार 25 अक्टूबर को 11 बजे गांव कुराड़ में आयोजित होगा। एच.के. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य कुलदीप आंतिल ने बताया कि सुमित वाल्मीकि ने एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल देश का मान बढ़ाया, बल्कि अपनी मेहनत, प्रतिभा और लगन से युवाओं के सामने प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव कुराड़ सहित पूरे सोनीपत जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रधानाचार्य कुलदीप आंतिल ने सुमित वाल्मीकि को बधाई देते हुए कहा कि सुमित उनके स्कूल का छात्र रहा है और उन्हें बड़ा गर्व है कि उनकी सफलता देश के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सुमित भविष्य में भी अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर देश का नाम रोशन करते रहेंगे।

- एच.के. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गांव कुराड़ में आयोजित होगा

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

शरद पूर्णिमा : मां लक्ष्मी चंद्रमा की रोशनी में करती हैं धरती का भ्रमण, औषधीय खीर के सेवन से दूर होंगी बीमारियां

- शरद पूर्णिमा की रात्रि का विशेष महत्व, श्रीकृष्ण ने महारास कर गोपियों को करवाया था ईश्वरीय अमृत पान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाने वाली शरद पूर्णिमा का महत्व साल की सभी 12 पूर्णिमा तिथियों में सबसे खास होता है। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से पूर्ण होते हैं और अमृत की वर्षा करते हैं। मां लक्ष्मी इस दिन प्रसन्न मुद्रा में रात को चंद्रमा की रोशनी में धरती पर भ्रमण करने आती हैं। शरद पूर्णिमा की रात को ही भगवान श्रीकृष्ण ने महारास किया था। उन्होंने बंसी बजाकर गोपियों को अपने पास बुलाया और ईश्वरीय अमृत का पान कराया था। आचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणें अमृत के प्रभाव वाली होती हैं। इस वर्ष आश्विन शुक्ल पूर्णिमा तिथि 25 अक्तूबर रविवार सुबह 11:55 बजे प्रारंभ होकर 26 अक्तूबर सोमवार सुबह 9:41 बजे संपन्न होगी। उदयातिथि के आधार पर आश्विन पूर्णिमा तिथि 26 अक्तूबर को होगी। इसी दिन पूर्णिमा का स्नान व दान किया जाएगा, लेकिन शरद पूर्णिमा का पर्व 25 अक्तूबर रविवार को मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा पर शहर के प्राचीन मंदिरों में खीर का प्रसाद तैयार कर उसे रात को चंद्रमा की चांदनी में रखने का प्रावधान है। मान्यता है कि प्रसाद का सेवन करने से व्यक्ति निरोग रहता है। पेट संबंधी रोग, जलन, त्वचा संबंधी बीमारियां व पित्त से जुड़ी समस्याओं से निजात मिलती है।

सर्वार्थ सिद्धि योग में होगा शरद पूर्णिमा का चंद्रोदय

शरद पूर्णिमा के दिन सुबह 6:28 बजे से शाम 7:22 बजे तक रवि योग रहेगा। शाम 7:22 से अगले दिन 26 अक्तूबर सुबह 6:29 बजे तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। शाम 5 बजे सर्वार्थ सिद्धि योग में चंद्रोदय होगा। सुबह में शाम 5:22 बजे तक हर्षण योग रहेगा। इसके बाद वज्र योग, रेवती नक्षत्र का संयोग रहेगा। फिर आश्विनी नक्षत्र होगा। शरद पूर्णिमा को चंद्रोदय शाम को जल्द होगा, लेकिन शरद पूर्णिमा की खीर का प्रसाद रात 9 बजे के बाद चंद्रमा की चांदनी में रखा जा सकेगा।



-आचार्य डॉ. मनमोहन मिश्रा।

व्रत रखने से संतान प्राप्ति की मान्यता

शरद पूर्णिमा का व्रत रखने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दिन व्रत करने से विवाहित महिलाओं को संतान की प्राप्ति होती है। शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस रात गोपियों के साथ महारास किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार रावण शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों को दर्पण की सहायता से अपनी नाभि पर ग्रहण करता था। रावण की नाभि में अमृत था, जिसकी वृद्धि के साथ उसे पुनर्योवन शक्ति प्राप्त होती थी।

न्यूज डायरी



एसआईआर के तहत केवल फर्जी वोट काटी : प्रदीप

गोहाना। बरोदा हलका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर के तहत केवल फर्जी वोटों को काटा गया और पात्र व्यक्तियों की नई वोट बनवाई गई हैं। इसको कांग्रेस नेता राहुल गांधी वोट चोरी का नाम देकर धरने प्रदर्शन करवा रहे हैं जो कि लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए बेहद घातक है। वे गुरुवार को गोहाना में अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। प्रदीप सांगवान ने कहा कि यदि निर्णय संविधान और नियमों के अनुसार न होकर भीड़ तंत्र के दबाव में होने लगे तो लोकतंत्र का मूल स्वरूप खतरे में पड़ सकता है। इस तरह के भीड़ तंत्र का हमने डट कर विरोध करना है। कांग्रेस खुद अपने घर की कलह को खत्म नहीं कर पा रही है। कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है। प्रदेश की नायब सरकार एवं केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

राज्य स्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में चमके कुणाल

सोनीपत। भिवानी स्थित बर्डी बैडमिंटन अकादमी में आयोजित 59वीं हरियाणा राज्य सब-जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026-27 में साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र कुणाल ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्कूल व जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कुणाल ने अंडर-15 आयु वर्ग की तीन अलग-अलग स्पर्धाओं में तीन पदक अपने नाम कर संस्थान का मान बढ़ाया। चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि बैडमिंटन वेलफेयर एसोसिएशन, भिवानी की तरफ से आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश भर के खिलाड़ियों ने भाग लेकर जीत के लिए जोर लगाया। साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र कुणाल ने प्रतियोगिता के डबल्स (युगल) मुकाबले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं, सिंगल्स (एकल) मुकाबले और मिक्स्ड डबल्स (मिश्रित युगल) मुकाबले में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीत अपनी बहुमुखी खेल प्रतिभा को साबित किया।





अशफाक उल्ला खान को 126वीं जयंती पर किया नमन

गोहाना। गुरुवार को अशफाक उल्ला खान को उनकी 126वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई। यह कार्यक्रम शहर के आर्य नगर में आयोजित हुआ जिसमें नागरिकों ने अशफाक उल्ला खान के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा 22 अक्टूबर को अशफाक उल्ला खान की जयंती पर उन्हें स्मरण करना उस राष्ट्रीय चेतना को पुनर्जीवित करना है जिसने भारत की स्वतंत्रता की नींव अपने रक्त से सींची थी। अशफाक उल्ला खान अदम्य साहस, देश भक्ति तथा हिंदू मुस्लिम एकता की अमर मिसाल थे। उन्होंने अपने प्रिय मित्र रामप्रसाद बिस्मिल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोहा लिया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि देश प्रेम से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता। जयंती समारोह की अध्यक्षता रोडवेज कर्मचारी नेता अशोक पांचाल ने की। इस अवसर पर मोर्चे के प्रवक्ता रामनिवास पांचाल, सुभाष भट्टी, मुख्तार सिंह दांगी, हर भगवान चोपड़ा, धर्मवीर सिंह मलिक, धर्मवीर कालीरमन, शेरदिन फौजी, कृष्ण लाल पांचाल, भाने राम पांचाल व जयपाल पांचाल मौजूद थे।



दीपावली के बाद सीवर लाइन दबाने की मांग

गन्नौर। नगरपालिका रोड पर सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदाई और पाइप दबाने का काम दीपावली के बाद करवाने की मांग उठी है। श्रीराम मार्केट के दुकानदारों ने इस संबंध में एसडीएम प्रवेश कादियान गन्नौर को मांग पत्र सौंपा है। श्रीराम मार्केट के सचिव मोहित सैनी, दुकानदार भीम राणा, विजय गोस्वामी, विक्रम सहित अन्य दुकानदारों ने मांग पत्र में बताया कि नगरपालिका रोड पर पानी निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सीवर लाइन बिछाने के पाइप लाकर रखे गए हैं। दीपावली का त्योहार नजदीक होने के कारण बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में यह समय दुकानदारों के लिए व्यापार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। दुकानदारों का कहना है कि यदि त्योहार के सीजन में सड़क की खुदाई और पाइप दबाने का काम शुरू किया जाता है, तो बाजार में आवागमन बाधित हो सकता है। इससे दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित होने के साथ ग्राहकों को भी खरीदारी करने में परेशानी होगी। उन्होंने एसडीएम से संबंधित विभाग को निर्देश देने की मांग की है कि सीवर लाइन की खोदाई और पाइप दबाने का कार्य दीपावली के बाद ही शुरू करवाया जाए, ताकि त्योहार के दौरान बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बनी रहे और दुकानदारों का कारोबार प्रभावित न हो।



गलत सर्वे को लेकर किसान पहुंचे तहसील कार्यालय

खरखौदा। फसलों के कथित गलत सर्वे को लेकर किसानों का प्रतिनिधिमंडल नायब तहसीलदार से मिला। उपमंडल के गाँव रोहणा के किसान सतबीर पुत्र मास्टर सुल्तान सिंह की आठ एकड़ जमीन को कृषि योग्य भूमि नहीं है, पोर्टल पर दर्ज कर रखी है। जबकि मौके पर जमीन पर धान और बाजरा की फसल खड़ी है।नायब तहसीलदार ने पटवारी और एग्रीकल्चर विभाग के अधिकारी को बुलाया लेकिन उनके पास इसका कोई समाधान नहीं था। इसके बाद जिला मुख्यालय सोनीपत स्थित अधिकारियों से बात की गई। उन्होंने बताया कि वर्णित समस्या का समाधान चंडीगढ़ में राज्य सरकार के पास है, न कि किसी अधिकारी के पास। इधर किसान परेशान हैं परन्तु किसानों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। किसान नेताओं ने आगाह किया है कि यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो विवश होकर आंदोलन का मार्ग चुनना। इस मौके पर हंसराज राणा, विकेश दहिया ,रोहताश, देशपाल, बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।

बिजली निगम के कार्यालय में चोरी का आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। थाना सेक्टर-27 सोनीपत की पुलिस टीम ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के मॉडल टाउन सब-डिवीजन कार्यालय में हुई चोरी की घटना को सुलझाते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित बिंदन सिक्का कॉलोनी का रहने वाला है। एसडीओ जितेंद्र वर्मा ने पुलिस को शिकायत दी थी कि रात के समय कार्यालय परिसर से एक मॉनिटर, दो की-बोर्ड और एक सीपीयू चोरी हो गया है। इसके अलावा सरकारी रिकॉर्ड से छेड़छाड़ व पीवीसी पैनल को नुकसान पहुंचाया गया था। चोरी हुए सामान की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक शिवमुनि की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित बिंदन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।